सड़क न होने से घर तक नहीं पहुंच सकी एम्बुलेंस

कीचड़ भरे रास्ते से महिला को पैदल पहुंचाया गया एम्बुलेंस तक, लोगों में रहा आक्रोश

नवभारत न्यूज

गुढ़, 8 सितम्बर, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान की ग्राम पंचायत जरहा के ग्राम जरहा के ग्रामीण जनों के द्वारा आपसी सहयोग से लगभग पंद्रह वर्षो से हर बरसात घुटने तक के कीचड़ में चलने को मजबूर है. युवा और स्कूली बच्चों की भयावह परेशानी को देखते हुए पत्थर डालकर मुख्य सड़क मार्ग तक पहुँचाने वाली सड़क को चलने योग्य बनाने का कार्य किया जा रहा है.

प्रशासनिक दस्तावेजों और पंचायत दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी की माने तो यह सड़क जो हर बरसात घुटनों तक कीचड़ से सराबोर हो जाती है तो लगभग दस वर्ष पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है और इस स्वीकृत राशि लगभग पांच लाख रूपए का बंदरबांट कर कागज में सड़क निर्माण पूर्ण कर दिया गया. ताजा मामला संवेदनहीनता की पराकाष्ठा और मानवता को शर्मशार करने वाला गर्भवती औरत से जुड़ा हुआ है जो दुर्भाग्य से ग्राम पंचायत जरहा के ग्राम जरहा आदिवासी बस्ती निवासी का है जो की प्रसव पीड़ा से कराह रही है और परिजन उसे सुरक्षित प्रसव हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अमिलिहा ले जाना चाहते हैं. लेकिन जाएं तो जाएं कैसे बदवार सीतापुर मुख्य मार्ग से श्यामलाल बंसल के घर तक किसी कदर एम्बुलेंस तो पहुंच सकती थी लेकिन उसके आगे घुटनों तक कीचड़ में आदिवासी वस्ती तक पहुंचना नामुमकिन था, ऐसे में प्रसव पीड़ा को सहन कर घुटनों तक के कीचड़ में चलकर वह औरत अस्पताल तक जा रही है. इस मंजर को देखने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में शासन और प्रशासन के प्रति आक्रोश भी देखा गया. अगर प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला या उसे लेकर एम्बुलेंस तक जा रही महिलाओं का संतुलन बिगड़ जाता तो स्थित गंभीर हो जाती. बता दें ग्राम पंचायत जरहा के समस्त मतदाता गण भी आम निर्वाचन चाहे सांसद हो विधायक हो जिलापंचायत सदस्य हो या फिर ग्राम पंचायत सरपंच का निर्वाचन हो, मतदान करते हैं, फिर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से उम्मीद क्यूँ ना करें? जरहा के ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द सड़क का निर्माण नही किया गया तो हम लोग आंदोलन के लिये मजबूर होगे.

राशि जारी होने के बाद भी नहीं बनी सड़क

जब सड़क निर्माण सम्बन्धी राशि जारी हुई, श्यामलाल बसोर के घर से रजन कोल के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण के लिए तो सड़क धरातल पर बनी नहीं फिर किस इंजीनियर ने कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर कर दिया. ग्रामीण जनों की सुविधा हेतु सड़क निर्माण के लिए जारी राशि लगभग पांच लाख रूपए का बंदरबांट कर लिया गया. इस भ्रष्टाचार के विरुद्ध कई बार प्रमुखता से आवाज उठाई गई लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता के चलते कुछ नही हुआ.

सिलचट में सड़क की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

भूमिपूजन के बाद भी नहीं शुरू हुआ काम

नवभारत न्यूज

गुढ़, 8 सितम्बर, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ागांव टोला सिलचट में सड़क की बदहाली को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है. गांव तक पहुंचने वाला एकमात्र मुख्य मार्ग बारिश के बाद पूरी तरह जर्जर हो गया है.

जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं और कई हिस्सों में सड़क बारिश के पानी के तेज बहाव में बह गई है. ग्रामीणों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका. ग्रामीणों के मुताबिक सिलचट पहुंच मार्ग की बदहाली को लेकर पूर्व में आंदोलन किया गया था. इसके बाद ग्रेवल सड़क का निर्माण कराया गया.

सड़क का भूमिपूजन गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह द्वारा किया गया था, जबकि वार्ड क्रमांक 15 के जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे,ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा गया. पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने और आवश्यक स्थानों पर पुल-पुलिया व नालियां नहीं बनाए जाने के कारण बारिश के दौरान सड़क के कई हिस्से बह गए. अब मार्ग पर गहरे गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक द्वारा सड़क निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग को प्रपत्र भी जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद सड़क की तस्वीर नहीं बदली. ग्रामीणों के अनुसार अब तक स्थायी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ और बारिश के बाद समस्या और गंभीर हो गई है,यह मार्ग ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है.

इसी रास्ते से लोग रोजमर्रा के कामों के लिए आवागमन करते हैं. सड़क खराब होने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को भी परेशानी हो रही है. ग्रामीणों ने कहा कि यदि समस्या का समाधान नही किया गया तो दोबारा आंदोलन किया जाएगा.

आप कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 8 सितम्बर, आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर विंध्य क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं. इसी सिलसिले में आम आदमी पार्टी की संगठनात्मक समीक्षा बैठक मऊगंज में आयोजित की गई.

बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित उमेश त्रिपाठी ने की. इस दौरान आगामी चुनावों की रणनीति तैयार करने के साथ-साथ वार्ड और बूथ स्तर पर संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित उमेश त्रिपाठी ने बड़ा एलान किया कि आम आदमी पार्टी आगामी नगरीय निकाय और नगर पंचायत चुनावों में पूरी मजबूती के साथ अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी. उन्होने कहा कि 'आप' मध्य प्रदेश की पारंपरिक राजनीति के बीच जनता को एक ईमानदार और मजबूत विकल्प देने के लिए पूरी ताकत से अकेले चुनाव लड़ेगी. इस दौरान मऊगंज और क्षेत्र के कई प्रमुख कार्यकर्ताओं को पार्टी ने नियक्ति पत्र दिया गया. वही सभी से मजबूती के साथ पार्टी के लिये काम करने की अपील की गई.

बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष भोला भारती, महिला विंग जिला अध्यक्ष श्राद्ध श्री वर्मा, केसरी प्रसाद पांडे, आरपी मिश्रा, महादेव गिरी, रोहिणी गिरी, रघुनंदन मिश्रा, आनंद स्वरूप विश्वकर्मा, कृष्ण बिहारी पाण्डेय, शिवराज सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

हादसों को रोकने बेरिकेटिंग के साथ सावधानी संबंधी साइन बोर्ड लगाने पर जोर

नवभारत न्यूज

गुढ़, 8 सितम्बर, गुढ़ तहसील क्षेत्र अंतर्गत भैरवबाबा मोड़ के पास विगत दिनों हुए हादसे को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की पहल शुरू कर दी है.

गुढ़ अनविभागीय अधिकारी राजस्व सुधाकर सिंह बघेल ने क्षेत्र का भ्रमण कर बारिश एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया और इसके बाद तहसील कार्यालय पहुंचकर भैरवबाबा मोड़ पर लगातार सामने आ रही दुर्घटनाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की. अनुविभागी अधिकारी सुधाकर सिंह बघेल ने सबसे पहले गुढ़ थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव से दूरभाष पर चर्चा कर भैरवबाबा मोड़ के संबंध में विस्तृत जानकारी ली. इस दौरान मोड़ की भौगोलिक स्थिति, वहां होने वाली दुर्घटनाओं तथा हादसों की संभावित वजहों को लेकर व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श किया गया. एसडीएम ने पुलिस प्रशासन से भी दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुझाव एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी साझा की. अनुविभागी अधिकारी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और भैरवबाबा मोड़ पर सड़क सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. एसडीएम ने निर्देशित किया कि भैरव बाबा मोड़ के दोनों ओर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं, ताकि वाहनों की गति को नियंत्रित किया जा सके. इसके साथ ही हादसों को रोकने बेरिकेडिंग के साथ सावधानी संबंधी साइन बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिये है.

बड़े हनुमान मंदिर में छठी का भंडारा आज

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 8 सितम्बर, स्थानीय श्री बड़े हनुमान मंदिर में आज 9 सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर छठी का आयोजन हनुमान जी जन सेवा समिति के देख-रेख एवं नगर वासियों के सहयोग से मंदिर प्रांगण में भव्य भंडारा (प्रसाद) का वितरण सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा. समिति के समस्त पदाधिकारी ने संयुक्त रुप से क्षेत्र के समस्त सनातनी बंधुओ से आग्रह किया है कि इस महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने की कृपा करें.

नेशनल हाईवे पर घंटों पड़ा रहा मृत पशु, शाम 5 बजे तक हटाने की नहीं हुई कार्यवाई

नवभारत न्यूज

गुढ़, 8 सितम्बर, नेशनल हाईवे प्रयागराज मार्ग पर बेलवा स्कूल के पास एक मृत पशु सुबह से सड़क किनारे पड़ा हुआ है, लेकिन शाम 5:18 बजे तक उसे हटाने की कोई कार्रवाई नहीं की गई.

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर या उसके किनारे पड़ा कोई भी अवरोध कभी भी बड़े सड़क हादसे का कारण बन सकता है. जानकारों के अनुसार नेशनल हाईवे पर यातायात को सुरक्षित बनाए रखना तथा सड़क पर पड़े मृत पशुओं एवं अन्य अवरोधों को तत्काल हटाना संबंधित एजेंसियों, एनएचएआई और टोल प्रबंधन की जिम्मेदारी होती है. इसके बावजूद घंटों बीत जाने के बाद भी मृत पशु का सड़क किनारे पड़ा रहना व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है. स्थानीय नागरिकों ने चिंता जताते हुए कहा कि हाईवे पर लगातार तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन रहता है. ऐसे में मृत पशु के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. क्षेत्रवासियों ने एनएचएआई एवं संबंधित टोल कंपनी से मांग की है कि तत्काल मृत पशु को हटाकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति बनने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. जब हाईवे की सुरक्षा और रखरखाव के लिए जिम्मेदार एजेंसियां मौजूद हैं, तो फिर सुबह से शाम तक मृत पशु सड़क किनारे पड़ा रहने के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

शिक्षक दिवस पर अयोजित हुई संगोष्ठी, शिक्षकों का सम्मान

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 8 सितम्बर, शिक्षक दिवस के उपलक्ष में सोहागी पब्लिक कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संचालक रघुराज सिंह ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में अवकाश प्राप्त बीआरसी (शिक्षक) रामचंद्र तिवारी, ओमप्रकाश मिश्र व्यथित एवं साहित्यकार/ पत्रकार राम लखन गुप्त उपस्थित रहे. आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि जनों के द्वारा किया गया. संस्था की ओर से अतिथियों का सम्मान एवं स्वागत के पश्चात वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाये जाने की गरिमा पर प्रकाश डाला तथा शिक्षा जगत में कार्य कर रहे शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया. आयोजन में उपस्थित महाविद्यालय एवं विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया गया तथा संस्था की ओर से उन्हें उपहार प्रदान किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य जे.पी. सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीलाल दीपांकर सहित मंचासीन अतिथियों को एवं पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया. वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती बंदना सिंह के द्वारा किया गया.

कार्यक्रम में अरुण यादव, अमित सिंह बिसेन, अमित ओझा, सुधीर दीपांकर, राहुल, अवनीकांत सिंह, अर्पित मशीह, रवि, सूर, स्कूल के प्राचार्य जेपी सिंह, नितिन मिश्रा, सुरेश जायसवाल आदि मौजूद थे.

जन्माष्टमी पर कवियों ने बहाई साहित्य की त्रिवेणी

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 8 सितम्बर, श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव महासभा जिला मऊगंज द्वारा शहीद केदारनाथ प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय मऊगंज के सभागार में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव के विशाल कार्यक्रम में जहां विभिन्न साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए.

जिसमें देर रात तक लोग मंत्र मुक्त हो डटे रहे वहीं दूसरी ओर इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश यादव महासभा की अनेक विशिष्ट हस्तियों ने भी भाग लेकर भगवान श्री कृष्ण के कृतियों पर प्रकाश डाला. उल्लेखनीय है कि जन्माष्टमी महापर्व पर शासकीय शहीद केदारनाथ प्रधानमंत्री एक्सीलेंस महाविद्यालय मऊगंज के विशाल सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में अपराह्न 4:00 बजे से कवि सम्मेलन मैं विंध्य के जाने-माने कवियों ने साहित्य की त्रिवेणी में लोगों को भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न लीलाओं एवं उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर अनेक रचनाओं के माध्यम से लोगों को भाव विभोर करते हुए हास्य व्यंग्य तथा ओज रौद्र तथा वीर रस की कविताओं के माध्यम से जहां लोटपोट कर दिया.

वही समाज व राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का बोध कराया. रात्रि 12:00 बजाते ही विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ 'भए प्रगट कृपाला दीन दयाला यशुमति के हितकारी' की गूंज से समूचा वातावरण भक्ति में दिखने लगा, वही 'नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' 'हाथी घोड़ा पालकी जय बोलो नंदलाल' की गूंज से लोग आनंद विभोर हो उठे. भगवानके दिव्य दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण के साथ ही इस अवसर पर आयोजित भंडारे का श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया. मिर्जापुर से आए समाजसेवी सुरेश कुमार यादव के मुख्य आतिथ्य तथा मऊगंज जिले के समाज सेवी एड. वसंत लाल यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ.

बारह ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं पर हुई सुनवाई

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 8 सितम्बर, मऊगंज जिले के मुनहाई में आयोजित लोक कल्याण शिविर में 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों पर सुनवाई की गई.

शिविर में मुनहाई, जड़कुड, नकवार, बीरादेई, पिपराही, सरदमन, हर्राई प्रताप सिंह, बावनगढ़, खोढ़मानी, बलभद्रगढ़, कैलाशपुर एवं रघुनाथगढ़ ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे. विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों को दर्ज कर उनके निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की. शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं की जानकारी भी दी गई. शिविर को संबोधित करते हुए विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि मुनहाई क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है और इस क्षेत्र के विकास तथा ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे और किसी भी पात्र परिवार को योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े.इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं मांगों की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए.

हितग्राहियों को वितरित किए योजनाओं के हितलाभ

कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रदीप पटेल एवं कलेक्टर संजय कुमार जैन ने विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए. लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत मान्या सिंह, खुशबू सिंह एवं रंजना सिंह को हितलाभ प्रदान किया गया. इस अवसर पर ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए नशा मुक्ति समाज बनाने में सहयोग की अपेक्षा की गई. शिविर में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन,एसडीम हनुमना राजेश मेहता, डिप्टी कलेक्टर अजीत मिश्र, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

चित्रकूट में बाढ़ के बाद सफाई एवं पुनर्बहाली कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता

नवभारत न्यूज

सतना 8 सितम्बर। चित्रकूट क्षेत्र में मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ के बाद प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत, सफाई, स्वच्छता एवं जन सुविधाओं की पुनर्बहाली के कार्य निरंतर प्राथमिकता के साथ कराए जा रहे हैं।

बाढ़ का पानी उतरने के उपरांत प्रभावित घाटों, सड़कों, तिराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जमा मिट्टी, गाद, कचरा एवं अन्य अवशेषों को हटाने तथा क्षेत्र को पूर्व स्थिति में लाने के लिए संबंधित विभागों एवं स्थानीय निकाय के अमले को सक्रिय किया गया है। इसी क्रम में बैठक के उपरांत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने चित्रकूट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे सफाई एवं पुनर्बहाली कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सर्वप्रथम भरत घाट पहुंचकर वहां संचालित साफ-सफाई कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा अब तक किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर नगर निगम डॉ. नागार्जुन बी. गौडा, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहा। उन्होंने भरत घाट और राम घाट रोड पर प्रभावितों द्वारा सडक पर इकट्ठा किये जा रहे घरों के मलवे को सतत प्रक्रिया के तहत जेसीबी और ट्राली के माध्यम से हटवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इसके पश्चात पुरानी लंका तिराहा से कामता नाथ रोड पर जेसीबी और ट्रेक्टर प्लेनर से सडक के किनारे जमे हुए कचरे को हटाने के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने पुरानी लंका तिराहा में डूब प्रभावितों घरों के नागरिकों से संवेदनापूर्वक बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नियमानुसार प्रदत्त की जा रही हर सहायता प्रदान की जायेगी।

नगर परिषद चित्रकूट में ऋण एवं बीमा निस्तारण शिविर आयोजित

सतना। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार नगर परिषद चित्रकूट में सोमवार को ऋण एवं बीमा निस्तारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में व्यापारियों एवं हितग्राहियों को ऋण एवं बीमा योजनाओं से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने बताया कि शिविर सोमवार से शुक्रवार तक निरंतर आयोजित किया जाएगा। पहले दिन शिविर में कुल 45 ऋण आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 10 ऋण आवेदनों को मौके पर ही स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि शेष ऋण प्रकरणों को स्वीकृति के लिए संबंधित बैंकों को प्रेषित किया गया।

विश्व साक्षरता दिवस पर विद्यार्थियों को बताया शिक्षा का महत्व

नवभारत न्यूज

देवतालाब, 8 सितम्बर, विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरुष इकाई के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एन. पटेल के निर्देशन में हुआ.

इस दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा एवं साक्षरता के महत्व की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विजय मिश्र, डॉ. दिवाकर शर्मा एवं डॉ. नफ़ीस ख़ान ने साक्षरता के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए. डॉ. विजय मिश्र ने विश्व साक्षरता दिवस के इतिहास और इसकी शुरुआत की जानकारी देते हुए बताया कि यूनेस्को ने 26 अक्टूबर 1966 को प्रत्येक वर्ष 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस मनाने की घोषणा की थी. इसके बाद पहली बार 8 सितंबर 1967 को विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया और तब से यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है. डॉ. दिवाकर शर्मा ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के अधिकार, आत्मसम्मान और गरिमा से जुड़ी है. उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही गरीबी कम करने और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. विश्व साक्षरता दिवस के माध्यम से लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है. वहीं डॉ. नफ़ीस ख़ान ने भारत में साक्षरता दर में सुधार के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और राष्ट्रीय साक्षरता मिशन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए शिक्षा के व्यापक प्रसार की आवश्यकता बताई. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए समाज में साक्षरता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया.